# जेबीआईटी में आयोजित हुई इंडस्ट्री एकेडमी मीट



पंजाब केसरी

विकासनगर, 15 अप्रैल (सुरेश) : सहसपुर-शंकरपुर स्थित जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को इंडस्ट्री एकेडमी मीट का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्‌घाअन बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. ओंकार सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि औद्योगिक जगत की विशिष्ट जानकारियों को जानने के लिए ऐसे सम्मेलनों का आयोजन होना आवश्यक है। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ. राहुल सिंह हेड इनक्यूबेशन, गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज उत्तर प्रदेश ने छात्रों से नवाचार का आह्वान किया। उन्होने छात्रों से कहा आज का समय टेक्नॉलॉजी का समय है। टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सकता है। सागर रादी, डॉ. सुभाजित भट्टाचार्य ने भी संबोधन किया। संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सेक्रेटरी रजत सिंघल, निदेशक डॉ. पीके चौधरी, निदेशक आइक्यूएसी डॉ. एमके अरोड़ा, रजिस्ट्रार डॉ. विशांत कुमार, ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड विकास चमोली, किशोर भटट, डॉ. विकास वर्मा, डॉ. संदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।